ग्रीन शाहजहाँपुर
क्लीन शाहजहाँपुर

नगर निगम, शाहजहॉपुर।

# प्रेस विज्ञप्ति

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

स्वच्छ शाहजहाँपुर
सुन्दर शाहजहाँपुर

दिनांक 06.11.2020

- सचिव, नगर विकास प्रबंध निदेशक जल निगम, उ0प्र0शासन ने नगर निगम,शाहजहॉपुर द्वारा किये जा रहे विकास कार्यो का निरीक्षण किया ।

सचिव, नगर विकास एवं प्रबंध निदेशक जल निगम, उ0प्र0 शासन द्वारा ककरा काकर कुण्ड के जैव विविधता पार्क एवं नगर निगम के प्रस्तावित कार्यालय स्थल का निरीक्षण किया गया। सचिव महोदय ने नगर निगम द्वारा विकसित किय गये जैव विविधता पार्क एवं उसमें लगाये गये विभिन्न प्रजातियो के पौधो का निरीक्षण किया। सचिव महोदय,जिलाधिकारी महोदय एवं नगर आयुक्त महोदय जैव विविधता पार्क में अशोक एवं आम के वृक्षो का रोपण भी किया गया। सचिव महोदय द्वारा इस पार्क को शाहजहॉपुर के लिये उपयोगी बताया गया। पार्क के अन्दर मियॉवाकी तकनीक से लगाये गये वृक्षो को भी देखा। इसके अतिरिक्त जैव विविधता पार्क मे पेड़ पौधो के रख रखाव एवं साफ–सफाई का भी अवलोकन किया गया । सचिव महोदय ने जैव विविधता पार्क एवं नगर निगम द्वारा कराये जा रहे विकास कार्यो को देखकर प्रसन्नता व्यक्त की। जैव विविधिता पार्क के साथ–साथ नगर निगम के कार्यालय, गेस्ट हाउस एवं अन्य अवस्थापना सम्बन्धी सुविधाओ के सम्बन्ध में जानकारी ली गई। निरीक्षण के समय जिलाधिकारी महोदय श्री इन्द्र विक्रम सिंह, नगर आयुक्त महोदय श्री संतोष कुमार शर्मा , अपर नगर आयुक्त, श्री एस0के0सिंह, उपनगर आयुक्त श्री आशुतोष कुमार दुबे, उद्यान प्रभारी श्री अंगद गुप्ता, सहायक नगर आयुक्त, महाप्रबन्धक(जल) श्री वी0एन0द्विवेदी, मुख्य अभियन्ता (सिविल) एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

.

उप नगर आयुक्त
नगर निगम,शाहजहॉपुर